सपा बूथ अध्यक्ष के घर रात में पुलिस की दबिश

देवरिया। जिले के भटनी थाना क्षेत्र के ग्राम सल्लहपुर में देर रात दबिश के दौरान पुलिसकर्मियों पर घर में घुसकर महिलाओं के साथ अभद्रता और मारपीट करने का गंभीर आरोप लगा है। पीड़ित परिवार समाजवादी पार्टी के वरिष्ठ बूथ अध्यक्ष का बताया जा रहा है। मामले में समाजवादी पार्टी के रामपुर कारखाना विधानसभा क्षेत्र प्रवक्ता मनीष सिंह ने पुलिस अधीक्षक को पत्र सौंपकर दोषी पुलिसकर्मियों पर कार्रवाई और निष्पक्ष जांच की मांग की है। एसपी को भेजे गए शिकायती पत्र में सपा प्रवक्ता मनीष सिंह ने बताया कि सल्लहपुर निवासी व सपा के पुराने बूथ अध्यक्ष जयसिंह यादव के परिवार पर पुलिस ने ज्यादती की है। आरोप है कि उनके भतीजे विकास उर्फ चन्दन पर भटनी थाने में एक मुकदमा दर्ज है, जिसमें जयसिंह यादव के परिवार का कोई लेना-देना नहीं है। आरोप है कि इसी मुकदमे की आड़ में 16 अक्टूबर की देर रात करीब 3 बजे भटनी थाने के दरोगा संतोष यादव, सिपाही सुधीर यादव और लगभग 15 अन्य पुलिसकर्मी बिना किसी महिला सिपाही के जबरन घर में घुस गए।शिकायत के अनुसार, पुलिसकर्मियों ने घर में घुसते ही गाली-गलौज और मारपीट शुरू कर दी। जब परिजनों ने इसका विरोध किया तो घर की

❖ भटनी थाना क्षेत्र के सल्लहपुर का मामला, सपा प्रवक्ता ने एसपी से की निष्पक्ष जांच की मांग❖आरोप:बिना महिला पुलिसकर्मी आधी रात में घुसी पुलिस, विरोध पर युवती को उठाकर पटका❖घटना के बाद पीड़ित परिवार और वीडियो बनाने वाले युवक पर भी मुकदमा दर्ज

महिलाओं, बेटियों और बहुओं को भी पीटा गया। आरोप है कि दरोगा ने जयसिंह की बेटी पूजा को उठाकर जमीन पर पटक दिया। जिससे उसके सिर में गंभीर चोट आई है। साथ ही शिकायत करने पर पूरे परिवार को झूठे मुकदमे में फंसाने की धमकी दी गई और एक युवती का मोबाइल फोन भी छीन ले जाने का आरोप है। पत्र में यह भी उल्लेख किया गया है कि घटना के बाद उल्टे पीड़ित परिवार के 9 नामजद व 10 अज्ञात लोगों पर मुकदमा दर्ज कर दिया गया। इतना ही नहीं, घटना का कथित वीडियो वायरल करने वाले युवक सोनू यादव के खिलाफ भी प्राथमिकी दर्ज की गई है, जिससे पुलिस की कार्यप्रणाली पर सवाल खड़े हो रहे हैं। सपा प्रवक्ता ने पुलिस अधीक्षक से मांग की है कि पूरे मामले की किसी राजपत्रित अधिकारी (सीओ स्तर) से निष्पक्ष जांच कराई जाए। साथ ही घटना के समय की थाने की जीडी, रवानगी पंजिका और पुलिसकर्मियों के बॉडी वॉर्न कैमरे की फुटेज खंगाली जाए। उन्होंने दोषी पुलिसकर्मियों के विरुद्ध निलंबन व विधिक कार्रवाई करने और पीड़ित परिवार को सुरक्षा मुहैया कराने की मांग की है। मामले की प्रतिलिपि जिलाधिकारी और सीओ भटनी को भी भेजी गई है।

लोकतंत्र सुधार के लिए 'शाने हिन्द फोरम' ने उठाई दो सदस्यीय विधायिका की मांग

देवरिया। देश की लोकतांत्रिक व्यवस्था में बड़े सुधार और राजनीतिक खींचतान को खत्म करने के उद्देश्य से %शाने हिन्द फोरम% ने एक नई पहल की शुरुआत की है। फोरम ने प्रत्येक लोकसभा व विधानसभा क्षेत्र से %दो सदस्यीय विधायिका% (विजेता और उपविजेता दोनों को प्रतिनिधित्व) की व्यवस्था लागू करने की वकालत की है। साथ ही फोरम ने उत्तर प्रदेश और देश के अन्य राज्यों में आगामी चुनावों में सभी सीटों पर अपने प्रत्याशी उतारने का ऐलान किया है। फोरम के संस्थापक परामर्श चिकित्सक डॉ. अवधेश कुमार सिंह ने देवरिया कसया स्थित अपने क्लिनिक पर पत्रकारों से बातचीत में कहा कि आज देश में विभिन्न राजनीतिक दलों के बीच जारी आपसी कटुता और टकराव से आम जनमानस त्रस्त हो चुका है। जब संसद और विधानसभाओं में सत्तापक्ष व प्रतिपक्ष दोनों की संवैधानिक भूमिका होती है, तो जनसंसद में भी

❖ विजेता और उपविजेता दोनों को सदन में प्रतिनिधित्व देने की नई व्यवस्था का प्रस्ताव❖जातिवाद, भ्रष्टाचार और दलीय टकराव खत्म करने के लिए युवाओं व समाजसेवियों से जुड़ने की अपील

क्षेत्र स्तर पर विजेता और उपविजेता दोनों पक्षों को मिलाकर दो सदस्यीय व्यवस्था होनी चाहिए। उन्होंने तर्क दिया कि इस संतुलित मॉडल से जातिवाद, संप्रदायवाद, भाई-भतीजावाद और नफरत की राजनीति धीरे-धीरे समाप्त होगी तथा बेरोजगारी, गरीबी और भ्रष्टाचार पर प्रभावी अंकुश लग सकेगा। योग्य युवाओं और महिलाओं को टिकट देने का संकल्प डॉ. सिंह ने स्पष्ट किया कि वह स्वयं नेता नहीं बल्कि एक चिकित्सक और राष्ट्रभक्त नागरिक के रूप में इस मुहिम से जुड़े हैं। उन्होंने घोषणा की कि फोरम आगामी चुनावों में योग्य, शिक्षित, युवा, महिला और सेवाभावी लोगों को अपने टिकट पर चुनाव मैदान में उतारेगा। इसके लिए समाज के जागरूक नागरिकों, सेवाभावी युवाओं और जनता के लिए संघर्ष करने वाले लोगों से फोरम से जुड़ने का आह्वान किया गया है। इस मुहिम में फोरम की टीम से डॉ. मंगल सिंह, डॉ. रामपाल सिंह, वी. के. शर्मा, मुकुल डोंगरा, सरिता सिंह, उदय चौरसिया, संजय सिंह, सुनील चौरसिया, अविनाश राय, अनिरुद्ध सिंह, शैलेंद्र कुमार सिंह, विजय बहादुर सिंह, डॉ. सी.पी. सिंह पटेल, डॉ. संतोष कुशवाहा, राजीव रावत, गिरीश नारायण, महेंद्र नारायण सिंह, सुरेंद्र सिंह और अजय ठाकुर सहित कई प्रबुद्धजन सक्रिय भूमिका निभा रहे हैं। फोरम ने डिजिटल प्लेटफॉर्म और हेल्पलाइन के जरिए जनसंपर्क अभियान तेज कर दिया है।

एसडीएम व सीओ ने दुर्गा पूजा पंडालों एवं घाटों का किया निरीक्षण

सलेमपुर (देवरिया)। जिलाधिकारी के निर्देश पर उप जिलाधिकारी सलेमपुर क्षितिज द्विवेदी और क्षेत्राधिकारी द्वारा

तहसील क्षेत्र में दुर्गा पूजा पंडालों के आयोजकों के साथ वार्ता की। इस दौरान आयोजकों को आवश्यक दिशा-निर्देश देते हुए त्योहार के दौरान सुरक्षा एवं शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए निर्धारित नियमों का पालन सुनिश्चित करने को कहा गया। प्रशासन यह नहीं चाहता कि कोलकाता की तरह यहां भी कोई दुर्घटना हो। प्रशासन इस मामले में कोई भी रिस्क लेना नहीं चाहता। इसके तहत दोनों वरिष्ठ अधिकारियों ने क्षेत्र के मूर्ति आयोजिकों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए इसके साथ ही उप जिलाधिकारी द्वारा क्षेत्र के विभिन्न घाटों का निरीक्षण कर वहां की व्यवस्थाओं का जायजा लिया गया। संबंधित को आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने तथा आमजन की सुविधा एवं सुरक्षा का विशेष ध्यान रखने के को कहा।

मालवीय रोड पर मां दुर्गा के पट खुले, सामूहिक आरती में उमड़े श्रद्धालु

देवरिया। शारदीय नवरात्र के सप्तमी तिथि पर मालवीय रोड स्थित भव्य दुर्गा पूजा पंडाल में शनिवार देर रात मां दुर्गा की प्रतिमा का पट अनावरण किया गया। इस अवसर पर सोनार समाज की ओर से वैदिक मंत्रोच्चार के बीच पूजा-अर्चना और सामूहिक आरती का आयोजन हुआ। जय माता दी के जयकारों और शंखनाद से पूरा माहौल भक्तिमय हो गया।सोनार समाज के जिला महामंत्री प्रकाश सर्राफ और नगर अध्यक्ष एडवोकेट अविनाश कुमार सिंह ने बताया कि दशकों से चली आ रही परंपरा के अनुसार हर वर्ष नवरात्र में स्वर्ण व्यवसायियों, सोनार समाज और श्रद्धालुओं के सहयोग से मां दुर्गा की प्रतिमा स्थापित की जाती है। पूजा के बाद प्रसाद

वितरण भी किया जाता है। आयोजन में बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल होते हैं। इससे समाज में एकता, सांस्कृतिक समरसता और भक्ति की भावना मजबूत होती है। सामूहिक आरती में सिविल कोर्ट बार एसोसिएशन के अध्यक्ष एडवोकेट वैभव कांत मिश्र, महामंत्री ऋषिराज मिश्रा, नगर पालिका अध्यक्ष अलका सिंह, सामाजिक कार्यकर्ता मंजू झुनझुनवाला, शंखपाल सर्राफ, प्रियंका सर्राफ और सभासद प्रियंका वर्मा समेत बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे। पूजा-अर्चना के बाद नगर पालिका अध्यक्ष अलका सिंह, बार एसोसिएशन के पदाधिकारियों और अन्य अतिथियों को स्मृति चिह्न व अंगवस्त्र देकर सम्मानित किया गया।

गो सेवा आयोग अध्यक्ष ने किया गौशालाओं का निरीक्षण, गो संरक्षण पर दिया जोर

देवरिया। उत्तर प्रदेश गो सेवा आयोग के अध्यक्ष श्याम बिहारी गुप्ता ने रविवार को पिंजरापोल गौशाला और पिपरपाती स्थित कान्हा गौशाला का निरीक्षण किया। उन्होंने गोवंशों के लिए जरूरी सुविधाएं उपलब्ध करानें और साफ-सफाई की व्यवस्था बनाए रखने के निर्देश दिए। निरीक्षण

के दौरान उन्होंने गायों को गुड़, चना और केला खिलाया। इसके बाद पथरदेवा में आयोजित दो दिवसीय किसान मेले में पशुपालन विभाग के स्टाल का जायजा लिया। उन्होंने किसानों को गोसेवा और गो-आधारित प्राकृतिक खेती अपनाने के लिए प्रोत्साहित किया। इस दौरान मुख्य पशु चिकित्साधिकारी डॉ. श्रीनिवास प्रसाद सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

ड्रोन कैमरे से होगी डोल मेले की निगरानी,शाम छह बजे से वाहनों की नो-एंट्री

दुदही (कुशीनगर)। दुदही कस्बे में आयोजित होने वाले डोल मेले को शांतिपूर्ण और सुरक्षित ढंग से संपन्न कराने के लिए विशुनपुरा पुलिस ने सुरक्षा व्यवस्था कड़ी कर दी है। रविवार को थानाध्यक्ष सनि कुमार जावला ने दुर्गा पूजा पंडालों और अखाड़ों के अध्यक्षों व आयोजकों के साथ बैठक कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने स्पष्ट कहा कि मेले में शांति व्यवस्था बिगाड़ने, जबरदस्ती करने या अराजकता फैलाने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।थानाध्यक्ष ने बताया कि मेले की निगरानी ड्रोन कैमरे से की जाएगी। कस्बे में प्रवेश करने वाले प्रमुख तिराहों और चौराहों पर बैरियर लगाए जाएंगे, जबकि छोटे रास्तों पर भी पुलिसकर्मियों की तैनाती रहेगी। शाम छह बजे से मेला क्षेत्र में दोपहिया और चारपहिया वाहनों का प्रवेश पूरी तरह प्रतिबंधित रहेगा। श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए मेला क्षेत्र से बाहर पार्किंग की व्यवस्था की जाएगी रेलवे ढाले पर पुलिस की विशेष नजर रहेगी। श्रद्धालुओं की सुरक्षा को देखते हुए रेलवे स्टेशन पर अस्थायी पुलिस चौकी भी बनाई जाएगी। फुटपाथ पर दुकान लगाने वाले दुकानदारों को रास्ता बाधित न करने और दुकानें पीछे लगाकर कारोबार करने की हिदायत दी गई है। वहीं, मिशन शक्ति के तहत महिला श्रद्धालुओं की सुरक्षा के लिए महिला पुलिसकर्मियों की तैनाती की जाएगी।

देवरिया से विधानसभा चुनाव लड़ सकते हैं अमिताभ या डॉ. नूतन ठाकुर

देवरिया। पूर्व आईपीएस अधिकारी एवं आजाद अधिकार सेना के राष्ट्रीय अध्यक्ष अमिताभ ठाकुर अथवा उनकी पत्नी डॉ. नूतन ठाकुर आगामी विधानसभा चुनाव में देवरिया सदर विधानसभा सीट से चुनावी ताल ठोंक सकते हैं। पार्टी के गोरखपुर मंडल अध्यक्ष भीमसेन राव ने दोनों नेताओं को देवरिया सदर क्षेत्र से चुनाव लड़ने का औपचारिक प्रस्ताव भेजा है। पार्टी नेतृत्व इस प्रस्ताव पर गंभीरता से विचार कर रहा है। मंडल अध्यक्ष भीमसेन राव द्वारा भेजे गए प्रस्ताव में अमिताभ ठाकुर के देवरिया में बतौर पुलिस अधीक्षक (एसपी) के कार्यकाल का विशेष रूप से उल्लेख किया गया है। पत्र में कहा गया है कि उनके कार्यकाल के दौरान किए गए कार्यों को क्षेत्र की जनता आज भी याद करती है। इसके साथ ही प्रस्ताव में हालिया घटनाक्रमों का हवाला देते हुए लिखा गया है कि बीते दिनों अमिताभ ठाकुर और डॉ. नूतन ठाकुर पर पुराने मामले में एफआईआर दर्ज कर पूर्व आईपीएस की गिरफ्तारी की गई थी। इस पूरे घटनाक्रम के बाद स्थानीय जनता में आक्रोश है और क्षेत्र के कई प्रबुद्ध व आम लोग चाहते हैं कि दोनों में से कोई एक चुनावी मैदान में उतरे, ताकि शासन-प्रशासन के कथित अन्याय और उत्पीड़न का लोकतांत्रिक तरीके से कड़ा जवाब दिया जा सके। इस संबंध में पार्टी की राष्ट्रीय प्रवक्ता डॉ. नूतन ठाकुर ने बताया कि गोरखपुर मंडल अध्यक्ष की ओर से मिले प्रस्ताव पर पार्टी के भीतर गंभीरता से मंथन चल रहा है। स्थानीय कार्यकर्ताओं और जनता की भावनाओं को ध्यान में रखते हुए बहुत जल्द इस पर अंतिम निर्णय लिया जाएगा।

❖ पार्टी के गोरखपुर मंडल अध्यक्ष ने भेजा देवरिया सदर सीट से चुनाव लड़ने का प्रस्ताव❖अमिताभ ठाकुर के एसपी कार्यकाल और हालिया घटनाक्रमों का दिया हवाला

खुखुन्दू बाजार में सात पंडालों में गूंजती रही मां महागौरी का जयकारा

खुखुन्दू, (देवरिया) ।नवरात्र के पावन अवसर पर खुखुन्दू बाजार में सात भव्य पूजा पंडालों में मां दुर्गा के अष्टम स्वरूप मां महागौरी की विशेष पूजा-अर्चना की जा रही है। पूजा पंडाल समितियों द्वारा श्रद्धालुओं की सुविधा और सुरक्षा के लिए विशेष इंतजाम किए गए हैं। क्षेत्र का पूरा वातावरण भक्तिमय हो गया है।धार्मिक अनुष्ठानों का संचालन क्षेत्र के प्रख्यात विद्वान पंडित आचार्य अजय शुक्ला, पंडित शत्रुधन पाण्डेय और पंडित अश्वनी चौबे के आचार्यत्व में किया जा रहा है। इन विद्वान पंडितों ने मां महागौरी के स्वरूप की महत्ता पर प्रकाश डालते हुए बताया कि %महागौरी% का अर्थ अत्यंत श्वेत वर्ण वाली है। इनका रूप चंद्रमा, शंख और सफेद कुंद के फूल के समान उज्ज्वल है, जो शांति और निर्मलता का प्रतीक है। मां का वाहन वृषभ है और इनकी चार भुजाओं में अभय मुद्रा, त्रिशूल, डमरू और वरमुद्रा सुशोभित हैं।कठिन तपस्या से गौर वर्ण प्राप्त करने वाली मां महागौरी भगवान शिव की अर्धांगिनी हैं। आचार्यों के अनुसार, इनकी पूजा से जीवन के सभी शारीरिक और मानसिक कष्ट दूर होते हैं। मां भक्तों को सुख, शांति, ऐश्वर्य और सौभाग्य प्रदान करती हैं। महाअष्टमी के दिन कन्या पूजन का विशेष विधान है, जिसमें कन्याओं को देवी का रूप मानकर हलवा, पूरी और चने का भोग कराया जाता है। मां को नारियल, सफेद मिठाई, खीर और दूध से बनी चीजें अत्यंत प्रिय हैं।क्षेत्र में शांति व्यवस्था और अनुशासन बनाए रखने के लिए डेविड सतीश मद्धेशिया, नारद मद्धेशिया, अजय मद्धेशिया, विजय मद्धेशिया, सूरज मद्धेशिया, संतोष मद्धेशिया और आदित्य मद्धेशिया सहित सभी पूजा एवं संचालन समितियों ने जनता से शांति व सौहार्द कायम रखने की पुरजोर अपील की है।

लिटिल फ्लावर में डांडिया एवं गरवा का भव्य आयोजन

सेवरही,कुशीनगर।स्व.आर पी शाही मेमोरियल लिटिल फ्लावर चिल्ड्रेन जूनियर हाईस्कूल परिसर में नव रात्रि के पावन अवसर पर डांडिया एवं गरवा का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत कालेज के प्रवन्धक रणवीर प्रताप शाही ने मां दुर्गा की पूजा-अर्चना कर किया शुभारंभ।पुरे कालेज परिसर में भक्ति

गीतों और माता रानी के जयकारों से वातावरण गुंज उठा।छात्राओं ने टोली बनाकर पारंपरिक डांडिया नृत्य प्रस्तुत किया। सभी ने माता रानी के जयकारों और पारंपरिक नृत्य के माध्यम से उल्लास व्यक्त किया। डांडिया टीम में शामिल सोनम गुप्ता,पिंकी कुमारी,अंशिका कुमारी ,अराग्या रौनियार,साक्षी कुमारी, अन्नू जायसवाल, गरिमा जायसवाल, खुशी केशरी, संजना शर्मा, आस्था वर्मा,आस्था जायसवाल, कविता यादव,दीप शिखा यादव, दिव्या गुप्ता,अंकिता वर्मा, आयुषी तिवारी, निधि कुमारी ,वैष्णवी तिवारी ,आयुषी सोनी कुमारी पलक ,आर्या गुप्ता ,रौनक तिवारी ,अनमोल तिवारी, आदित्य वर्मा ,सार्थक तिवारी,अमन पाठक, शौर्य सिंह आदि ने दी मनमोहक प्रस्तुति। इस अवसर पर कार्यक्रम में कस्बा चौकी प्रभारी अनिल शर्मा, श्रीमती बीना शाही, श्रीमती रमा शाही, सम्पादक राजेश्वर द्विवेदी ,देवेंद्र मिश्र, संतोष पटेल,अरविंद यादव, आर पी उपाध्यक्ष, आशुतोष तिवारी ,सत्यम रौनियार,आदित्य मद्धेशिया ,विपुल मिश्र ा,कामीनी श्रीवास्तव ,साजिया, प्रियंका जायसवाल ,राधिका मद्धेशिया, रागिनी गुप्ता ,रिंकू बाला श्रीवास्तव,रेनु चौरसिया ,किरन गुप्ता, काजल श्रीवास्तव,रेनू वर्मा ,रुपाली शर्मा, शालिनी सिंह,प्रिया जायसवाल ,माया वर्मा, सरिता जायसवाल,रितिका जायसवाल ,रिसिका जायसवाल,साक्षी जायसवाल ,आदि शामिल रही।

राष्ट्रीय महामंत्री सुनील बंसल का अजीम आलम ने किया भव्य स्वागत

दुदही (कुशीनगर)। भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय महामंत्री सुनील बंसल का अयोध्या एयरपोर्ट पर आत्मीय स्वागत करने का अवसर नगर पंचायत दुदही के अध्यक्ष प्रतिनिधि एवं भाजपा युवा नेता अजीम आलम को मिला। शनिवार को अयोध्या एयरपोर्ट पहुंचे सुनील बंसल का अजीम आलम ने अपने समर्थकों के साथ भव्य स्वागत एवं अभिनंदन किया। इस मुलाकात के बाद दुदही से लेकर जिले के राजनीतिक गलियारों तक चर्चाओं का दौर शुरू हो गया है।संगठनात्मक कौशल, अनुशासन और राष्ट्रसेवा के प्रति समर्पण के लिए पहचाने जाने वाले भाजपा के राष्ट्रीय महामंत्री सुनील बंसल का स्वागत अजीम आलम के लिए खास अवसर रहा। मुलाकात के दौरान श्री बंसल ने अजीम आलम का कुशलक्षेम पूछा और नगर पंचायत के विकास कार्यों को पूरी ईमानदारी, निष्ठा और जिम्मेदारी के साथ आगे बढ़ाने का सुझाव दिया।अजीम आलम ने इस मुलाकात को अपने लिए ऐतिहासिक और प्रेरणादायक बताते हुए कहा कि पार्टी के शीर्ष नेतृत्व से आत्मीय मुलाकात और उनका स्नेह प्राप्त होना गौरव की बात है। उन्होंने कहा कि नगर पंचायत के विकास और जनसेवा के प्रति उनकी प्रतिबद्धता आगे भी जारी रहेगी।इस मुलाकात को लेकर राजनीतिक विश्लेषकों और स्थानीय राजनीतिक हलकों में अलग-अलग चर्चाएं हो रही हैं। कुछ लोगों का मानना है कि राष्ट्रीय स्तर के वरिष्ठ नेता से इस तरह की आत्मीय मुलाकात अजीम आलम की राजनीतिक पहचान को नई मजबूती दे सकती है। हालांकि, इस मुलाकात के राजनीतिक मायनों को लेकर फिलहाल चर्चाएं ही हैं, लेकिन इतना तय है कि इसने स्थानीय राजनीति में लोगों का ध्यान आकर्षित किया है।

❖ राष्ट्रीय महामंत्री से मुलाकात को दुदही की राजनीति में अहम माना जा रहा, संगठन में बढ़ते प्रभाव को लेकर चर्चाएं शुरू

शिक्षक एमएलसी प्रत्याशी ध्रुव कुमार त्रिपाठी के समर्थन में शिक्षकों से संपर्क

देवरिया। भाजपा शिक्षक प्रकोष्ठ के जिला संयोजक एवं शिक्षक एमएलसी चुनाव के देवरिया विधानसभा संयोजक नरेंद्र तिवारी ने जिले के कई विद्यालयों का दौरा कर शिक्षक मतदाताओं से संपर्क किया। उन्होंने भाजपा और शिक्षक महासंघ के संयुक्त प्रत्याशी ध्रुव कुमार त्रिपाठी के पक्ष में प्रथम वरीयता का वोट देकर उन्हें विजयी बनाने की अपील की। इस दौरान उन्होंने थापर इंटर कॉलेज, आरबीटी इंटर कॉलेज, डीएसएस इंटर कॉलेज, इंदिरा गांधी बालिका इंटर कॉलेज, कस्तूरबा गांधी बालिका इंटर कॉलेज और पीएमश्री राजकीय इंटर कॉलेज के शिक्षकों से मुलाकात की। पीएमश्री कस्तूरबा गांधी बालिका इंटर कॉलेज की शिक्षिकाओं ने अपनी समस्याएं भी बताईं। नरेंद्र तिवारी ने उनके समाधान का प्रयास करने का आश्वासन दिया।

दुर्गा पूजा पंडालों का अधिकारियों ने लिया जायजा, सुरक्षा व्यवस्था परखी

देवरिया। दुर्गा पूजा को लेकर शहर में शांति और कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए शनिवार को जॉइंट मजिस्ट्रेट/एसडीएम सदर अनिमेष वर्मा और क्षेत्राधिकारी सदर ने विभिन्न पूजा पंडालों का निरीक्षण किया। अधिकारियों ने सोनूघाट से सिविल लाइन, हनुमान मंदिर समेत नगर के कई क्षेत्रों में पहुंचकर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया। इस दौरान अधिकारियों ने पंडालों में श्रद्धालुओं की सुविधा, भीड़ प्रबंधन और सुरक्षा इंतजामों की जानकारी ली। इसके बाद मूर्ति विसर्जन स्थल पटनवा पुल का निरीक्षण कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। अधिकारियों ने पूजा समितियों को शासन की गाइडलाइन का पालन करने और श्रद्धालुओं की सुरक्षा के लिए पर्याप्त इंतजाम रखने के निर्देश दिए। साथ ही किसी भी आपात स्थिति से निपटने के लिए जरूरी व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने को कहा। उन्होंने कहा कि त्योहार के दौरान शांति और कानून-व्यवस्था बनाए रखना प्रशासन की प्राथमिकता है। लोगों से आपसी सौहार्द और भाईचारे के साथ त्योहार मनाने तथा संदिग्ध गतिविधि की सूचना तत्काल पुलिस-प्रशासन को देने की अपील की गई।

प्रदेश कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही ने स्व.रवीन्द्र किशोर शाही के पुण्यतिथि के अवसर पर अतिथियों का किया जोरदार स्वागत

(बशीर अहमद)

पथरदेवा(देवरिया) । भूतपूर्व विद्युत मंत्री स्व.रवीन्द्र किशोर शाही की 44वीं पुण्यतिथि के अवसर पर आचार्य नरेन्द्रदेव इण्टर कालेज पथरदेवा के विशाल प्रांगण में दो दिवसीय किसान मेला आयोजित किया गया जिसमें प्रथम दिन कृषि मेले के अवसर पर बतौर मुख्य अतिथि रामनाथ ठाकुर केन्द्रीय कृषि एवं किसान कल्याण राज्य मंत्री का आगमन हुआ जिसमें प्रदेश कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही रामनाथ ठाकुर का स्वागत के पश्चात् किसानों में नि:शुल्क चना,मटर एवं सब्जी का वितरण किया गया दूसरे दिन बतौर मुख्य अतिथि दिलीप संघानी भारतीय किसान उर्वरक सहकारी लिमिटेड (इफ्को) के अध्यक्ष लोकसभा के चार बार सदस्य एवं पूर्व कैबिनेट मंत्री गुजरात सरकार ,विशिष्ठ अतिथि के रूप में दयाशंकर सिंह परिवहन मंत्री उत्तर प्रदेश सरकार एवं प्रभारी मंत्री देवरिया रहे। इस अवसर पर प्रदेश कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही उपरोक्त दोनों अतिथियों को स्वागत के स्वरूप स्मृति चिह्न के साथ ही अंगवस्त्र देकर सम्मानित किया साथ ही विकास खण्ड पथरदेवा के ब्लाक प्रमुख सुब्रत शाही अन्य मंचासीन अतिथियों को अंगवस्त्र के साथ बुके देकर सम्मानित किया।स्व.रवीन्द्र किशोर शाही के 44वीं पुण्यतिथि के अवसर पर अतिथियों के साथ ही विधानसभा क्षेत्र के हजारों लोगों के साथ ही भाजपा कार्यकर्ताओं ने श्रद्धांजलि अर्पित किया। इस अवसर पर प्रदेश कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही ने सम्बोधित करते हुए कहा कि स्व.रवीन्द्र किशोर शाही विकास खण्ड पथरदेवा के ब्लाक प्रमुख बनकर राजनीति शुरू करते हुए प्रदेश जनसंघ के अध्यक्ष के पद पर पहुंचकर पार्टी का सेवा करने के पश्चात् प्रदेश में विद्युत मंत्री बनाये गये और किसानों के कल्याण के लिए विद्युत समय पर देने का कार्य किया यहॉ तक स्व.रवीन्द्र किशोर शाही टाटा विरला का विजली काटकर किसानों को देने का कार्य किया वह अपने कार्यकाल में क्षेत्र में पूल-पुलियों का निर्माण के साथ ही सड़कों का जाल बिछाने का कार्य किया। श्रद्धांजलि सभा को राज्य मंत्री दयाशंकर सिंह,विधायक शलभ मणि,नगर पालिका अध्यक्ष देवरिया अलका सिंह,डा.जितेन्द्र प्रताप राव,भाजपा जिलाध्यक्ष काली प्रसाद आदि ने सम्बोधित किया अनेक वक्ताओं ने कहा कि भाजपा छोड़ अन्य सरकारों ने किसानों को खाद,बीज एवं गन्ने के भुगतान के लिए लाठिया खानी पड़ती थी साथ ही 32 बैंकों को लूटने का कार्य किया गया जब कि मोदी एवं योगी

सरकार में देश एवं प्रदेश के विकास के लिए योजनाओं को लागू किया गया है और सभी धर्म के लोग योजनाओं का लाभ ले रहे है। प्रदेश कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही ने कहा कि विद्यालयों में शिक्षा के स्तर को सुदृढ़ बनाने के लिए मैं अपने निधि से पैसा दिया हूँ सभी वक्ताओं ने कहा कि 2027 में पूर्ण बहुमत के साथ तीसरे बार प्रदेश में योगी सरकार बनाने के लिए भाजपा कार्यकर्ता अभी से लग जाये। इस अवसर पर मुरारी मोहन शाही,विकास खण्ड पथरदेवा के ब्लाक प्रमुख सुब्रत शाही,नवतप्पी इण्टर कालेज रामपुरगढ़ के प्रबन्धक विश्वेन्दु प्रताप राव,प्रधानाचार्य शिवनाथ सिंह,डा. जितेन्द्र प्रताप राव,जिला पंचायत सदस्यों में सुजीत प्रताप सिंह,अमित सिंह, कुन्दन जायसवाल ,पूर्व ब्लाक प्रमुख ब्रह्मा यादव,मुकेश कुमार राकेश, प्रभात सिंह, युगुल किशोर तिवारी,दयाशंकर शास्त्री,रवीन्द्र सिंह कुशवाहा,नवीन शाही,मुन्ना शाही,त्रिपुरारी शाही, कृपाशंकर उपाध्याय,मदन पासवान ,जयराम राव,गणेश राव,भीम यादव,नगर पंचायत अध्यक्षों में पथरदेवा के क्रान्ति सिंह, तरकुलवा के जनार्दन कुशवाहा ,हेतिमपुर के विरेन्द्र कुमार यादव, भूपेन्द्र सिंह ,विवेकदत्त राय ,माहीवाल जायसवाल, विनोद भगत बशिष्ठ कुशवाहा ,दिलीप गुप्ता, रामाशीष मौर्या, विकाऊ विश्वकर्मा, मृत्युन्जय पाण्डेय, श्रीनिवास मणि, डा.विनय राव, वेदव्यास सिंह, अनिल सिंह, अनिल प्रसाद, प्रवीण सिंह,संजय सिंह, अरविन्द राय, विजय बहादूर दूबे, अवनीश पाठक ,रमायन साहनी, हेमन्त पाठक, नथुनी सिंह कुशवाहा,पूर्व विधायक गंगा सिंह कुशवाहा, महेन्द्र उपाध्याय, पारसनाथ यादव, पवन पाठक, प्रभाकर राय, अवनीश पाठक ,संजीतधर द्विवेदी, जीवनपति त्रिपाठी, कृष्णनाथ राय, उग्रसेन राय,पिन्टू सिंह,गणेश राय, जयन्त सिंह हजारों लोगों ने रवीन्द्र किशोर शाही को श्रद्धांजलि अर्पित किया। इस अवसर पर प्रदेश कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही के प्रयास से लगभग पन्द्रह हजार आम के पौधे नि:शुल्क बीज एवं नि:शुल्क दवा वितरण किया गया और सभी ने इस कार्यक्रम की सराहना किया। अध्यक्षता भाजपा पथरदेवा मण्डल अध्यक्ष जीपू शाही एवं संचालन संचालन